ISSN-0970-0718

# जागृति

कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्।।

वर्ष:60 अंक:8 मुम्बई जुलाई 2016



## नीरा एवं ताड़गुड़ उद्योग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी




खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ग्रामीण औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुंबई

ISSN-0970-0718

# जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
वर्ष:60 अंक:8 मुम्बई जुलाई 2016

**सम्पादक मंडल**

अध्यक्ष
अरुण कुमार झा

**सम्पादक**
के. एस. राव

**उप सम्पादक**
सुबोध कुमार

**अवर उप सम्पादक**
अमृता सोम मुखर्जी

**अवर हिन्दी अनुवादक**
सरस्वती खनका

**वरिष्ठ कलाकार**
संजय एस. सोमदे

**कलाकार**
चंद्रशेखर पुनवटकर,
दिलीप पालकर

के. सुब्बाराव, द्वारा प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय, खादी और ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 के लिए प्रकाशित
टेलिफैक्स: 022-26719465
ई-मेल: jagritikvic@gmail.com वेबसाईट www.kvic.org.in
प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय, खादी और ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 में प्रकाशित

**सदस्यता शुल्क**

| | | |
|---|---|---|
| वार्षिक सदस्यता शुल्क | : | रू. 100/- |
| 3 वर्ष के लिये सदस्यता शुल्क | : | रू. 250/- |

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा व्यक्त विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा सम्पादक सहमत हों।

## इस अंक में...

**समाचार सार** 3 से 20

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ने मुंबई में दो दिवसीय कार्यक्रम...........
लखनऊ में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री द्वारा खादी और ग्रामोद्योग.....
नीरा एवं ताड़गुड़ उत्पाद उद्योग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन.............
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, अपने कर्मचारियों के लिए .........
आयोग के अध्यक्ष का रेशम खादी भवन, राजकोट का दौरा................
आयोग के अध्यक्ष द्वारा अहमदाबाद में पुनर्निर्मित खादी भवन का...........
आयोग के अध्यक्ष द्वारा हरियाणा एवं पंजाब राज्य की खादी ग्रामोद्योगी.....
आयोग के अध्यक्ष ने राजकोट स्थित बायो-फर्टिलाइजर इकाई .............
एन.टी.पी.सी ने खादी को दिया 5.34 करोड़ रूपये का ऑर्डर............
आयोग के मुख्यालय मुंबई में दूसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस..................
योग दिवस के लिए विशेष खादी परिधान..................................
आयोग के राज्य कार्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन.........
खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्यालय में वर्षा जल का संग्रहण..........
आयोग करेगा इनोवेशन और इन्क्युबेशन केंद्रों की स्थापना.................
स्वदेशी भावना को जागृत रखने के लिए ग्रामीण करते है केवल खादी .....
मण्डलीय कार्यालय, मेरठ द्वारा ग्रामीण ऊर्जा तकनीशियन बैठक ...........
खादी संस्थाओं को एम.डी.ए. ऑन लाइन एवं डी.बी.टी..................
आसाम राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रतिनिधि मण्डल का गुजरात...
आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरूण कुमार झा ने..............
खादी और ग्रामोद्योग आयोग की 634वीं बैठक............................

समाचार पत्रों में प्रकाशित खादी ग्रामोद्योग क्षेत्र की झलकियां..........21 से 25

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ने मुंबई में दो दिवसीय कार्यक्रम को संबोधित किया




**महत्त्वाकांक्षी उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री श्री कलराज मिश्र ने 24 जून 2016 को मुंबई स्थित रंगशारदा ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यक्रम में ''एसएमई फोरम -2016'' में अपने विचार व्यक्त किए।**

उन्होंने अपने सम्बोधन में यह उल्लेख किया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र खादी और ग्रामोद्योग आयोग और कॉयर सेक्टर सम्मिलित रूप से कृषि के पश्चात देश में सबसे ज्यादा रोजगार प्रदान करने वाला क्षेत्र है। इसलिए हमें अपने कार्यक्रमों की बेहतर जानकारी लोगो तक पहुचाने के लिए संबंधो का विकास करना होगा। इस दिशा में 'मेक इन इंडिया' एक उत्तम शुरुआत है। उन्होंने इस अवसर पर उद्यमियों के लिए प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा स्फूर्ति, क्रडिट गारंटी योजना सहित सभी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने यह भी सूचित किया कि मंत्रालय, उत्पादन की समग्र मूल्य श्रृंखला के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का संचालन कर रही है ।

उन्होंने आगे उद्यमियों के लिए की जा रही महत्वपूर्ण पहलों की जानकारी देते हुए सूचित किया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र की योजनाओं जैसे स्फूर्ति और एस्पायर इत्यादि में संशोधन करने के लिए पहल की जा रही हैं।

इस क्षेत्र का विकास करने के लिए वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करना होगा तथा रणनीति बनानी होगी जिससे यह प्रतिस्पर्धा में अग्रणी हो सके।




इसके पूर्व 23 जून 2016 को केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री कलराज मिश्र ने मुंबई के विलेपार्ले स्थित नवीनभाई ठक्कर हॉल में कमलदीप फाउडेशन द्वारा आयोजित महान समाज सुधारक और देशभक्त स्व. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस समारोह के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, राज्य सभा सांसद श्री तरुण विजय एवं स्थानीय विधायक व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# लखनऊ में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री द्वारा खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र की उपलब्धियों पर जोर



नवाबों के शहर, लखनऊ में आयोजित "विकास पर्व" में भाग लेते हुए माननीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, श्री कलराज मिश्र ने खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र की योजनाओं और कार्यक्रमों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# नीरा एवं ताड़गुड़ उत्पाद उद्योग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन








**दिनांक 5 जून 2016 को नीरा एवं ताड़गुड़ उत्पाद उद्योग पर राष्ट्रीय स्तर के दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन बामेती परिसर पटना में किया गया, जिसका उद्घाटन श्री गिरिराज सिंह, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया।**

इस अवसर पर खादी ग्रामोघोग आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग आयोग, श्री अरूण कुमार झा एवं पूर्वी क्षेत्र के खादी ग्रामोद्योग आयोग की सदस्या डा. संगीता कुमारी सहित देश के विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं से आए हुए वैज्ञानिको के अलावा बिहार सरकार के उघोग सचिव सहित बड़ी संख्या में ताड़ गुड़ उद्योग से जुड़े उद्यमी एवं टैपर्स (रस निकालने वाले)मौजूद थे।

इस सेमीनार का आयोजन खादी और ग्रामोघोग आयोग, राज्य कार्यालय, पटना द्वारा किया गया था। आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरूण कुमार झा ने माननीय मंत्री एवं सभी आगंतुकों का इस संगोष्ठी में स्वागत किया।

माननीय राज्य मंत्री महोदय श्री गिरिराज सिंह ने नीरा एवं ताड़ गुड़ उत्पाद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आह्वान किया कि इस उद्योग को अधिक से अधिक रोजगार उन्मुखी बनाया जाये ताकि गरीब/दलित/पिछड़े वर्गों के कामगारों को उनके जीवकोपार्जन का साधन उनके निवास स्थान पर ही मिल सकें। माननीय राज्य मंत्री ने नीरा एवं ताड़ गुड़ उत्पाद का बेहतर पैकेजिंग एवं मार्केटिंग पर विशेष रूप से ध्यान देने हेतु आग्रह किया। अपने संबोधन में माननीय राज्य मंत्री ने पासी समाज के उत्थान हेतु प्रति



परिवार 200 पेड़ों का प्लान्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना तैयार करने की बात कही। विषय वस्तु पर बोलते हुए माननीय मंत्री ने ताड़, खजूर एवं नारियल की व्यवस्थित खेती पर बल दिया। यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की व्यवस्थित खेती से रोजगार को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही जल एवं पर्यावरण संबंधी समस्याओं के निराकरण में सहायता होगी।

श्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि खादी और ग्रामोघोग आयोग राष्ट्रीय स्तर पर नीरा, ताड़ एवं ताड़ गुड़ उत्पाद उघोग के प्रोत्साहन हेतु अपने स्थापना के आरंभिक काल से ही कार्य कर रहा है। इस उघोग के प्रोत्साहन हेतु आयोग में "कृषि आधारित एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तथा वनाधारित उद्योग" नाम से निदेशालय कार्यरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आयोग किसानो के जीवकोपार्जन को बेहतर बनाने हेतु हर प्रकार की संभव सहायता करेगा। नीरा एवं ताड़ गुड़ उत्पाद में स्वास्थ्य को हानि पहुँचाने वाले तत्वों का कम से कम प्रयोग पर बल दिया जाना चाहिए।

अपने स्वागत भाषण में आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अरूण कुमार झा ने स्पष्ट किया कि इस आयोजन का उदेश्य नीरा, ताड़ गुड़ एवं ताड़ उत्पाद से संबंधित जागरूकता फैलाना है ताकि इस उद्योग से जुड़े टेपर्स को प्रोत्साहित किया जा सके एवं वर्तमान परिवेश में रोजगार सृजन की बेहतर संभावना उपलब्ध कराई जा सकें।

श्री विजय प्रकाश, आयुक्त, कृषि उत्पाद ने इस उद्योग से जुड़े सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दे पर अपने विचार रखे। उन्होंने विषय वस्तु पर बोलते हुए कहा कि इस उद्योग से जुड़े कामगारो के हुनर का बाजारीकरण नही हुआ है। इस बिंदु पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ताड़ पर चढ़ने के हुनर को और अधिक सरल बनाने की आवश्यकता है।

श्री आर. सी. श्रीवास्तव, कुलपति, राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा ने आर्गेनिक खेती पर बल दिया और यह भी स्पष्ट किया कि ताड़ों की उपज में लगने वाले समय को कम करने पर शोध करने की आवश्यकता है।

संगोष्ठी में श्री एस. सिद्वार्थ, प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार; डा. संगीता कुमारी माननीय सदस्या(पूर्वी क्षेत्र) खादी ग्रामोद्योग आयोग; श्री के. डी. काम्बले, आयोग के भूतपूर्व संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी; श्री के. सुधाकर राव, आयोग के भूतपूर्व निदेशक; श्री गिरिश भाई देसाई, सचिव, दक्षिण गुजरात नीरा ताड़ गुड़ ग्रामोद्योग संघ; श्री विवेकानन्द, आयोग के सहायक निदेशक; श्री अजीत कुमार चौधरी, प्रतिनिधि पासी समाज ने अपने-अपने विचार रखे तथा नीरा एवं ताड़गुड़ उद्योग में रोजगार सृजन और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सेमिनार के दूसरे दिन दिनांक 06.06.2016 को विषय वस्तु के विभिन्न पहलुओं पर देश भर से आये वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों एवं उद्यमियों ने अपने-अपने विचार रखे।



# पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, अपने कर्मचारियों के लिए खादी को यूनिफार्म के रूप में उपयोग करेगा

भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के माध्यम से देशवासियों को खादी का कम से कम एक उत्पाद खरीदने कि अपील की जिससे ग्रामीण कारीगरों को सहायता होगी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने हाल ही में एक परिपत्र जारी किया, जिसमें उन्होंने अपने मंत्रालय, अन्य मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू.) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी सहयोगियों और कर्मचारियों से खादी उपयोग में लाने की अपील की है। श्री प्रधान ने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पी.एस.यू.) अपने नियमित और संविदा सेवा कर्मचारियों के लिए खादी को यूनिफार्म के रूप उपयोग में लाने हेतु प्रोत्साहित करे। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना के अपील के आधार पर श्री प्रधान ने अपने परिपत्र में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया नारा "आज़ादी के पहले खादी राष्ट्र के लिए: आज़ादी के बाद खादी फैशन के लिए" का उल्लेख किया है और खादी द्वारा ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने तथा आजीविका के साधन के रूप में प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने श्री प्रधान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश में खादी की लहर का सृजन किया और अधिक से अधिक मंत्रालयों तथा संस्थाओं ने अपने प्रति-दिन के उपयोग में लायी जाने वाली आवश्यक सामग्रियों में खादी को शामिल किया है जिससे सम्पूर्ण देश में खादी प्रेमियों की मांग में वृद्धि हुई है और खादी कारीगरों के लिए कार्य करने के अतिरिक्त घंटों का सृजन हुआ है।

# आयोग के अध्यक्ष का रेशम खादी भवन, राजकोट का दौरा





खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 18 से 20 जून 2016 तक अपने गुजरात प्रवास के दौरान राजकोट में खादी ग्रामोद्योग संघ, समन्वय, राजकोट के रेशम खादी भवन, राजकोट का जायज़ा लिया। इस भवन का शुभारम्भ 19 जून 2016 को संस्था द्वारा किया गया है। संस्था के निदेशक श्री अजय दोशी ने संस्था एवं भवन की जानकारी अध्यक्ष महोदय को दी। इस अवसर पर आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद के निदेशक श्री संजय हेडाऊ भी उपस्थित थे।

# आयोग के अध्यक्ष द्वारा अहमदाबाद में पुनर्निर्मित खादी भवन का उद्घाटन





खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 19 जून 2016 को अहमदाबाद के रिलीफ रोड स्थित, सहकारी भंडार लिमिटेड के पुनर्निर्मित खादी भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर 'अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण' के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र पटेल, विपक्ष के नेता श्री दिनेश शर्मा और खादी संस्थाओं के अध्यक्ष और सचिव भी उपस्थित थे। श्री सक्सेना ने संबंधित कर्मचारियों को खादी की बिक्री में वृद्धि के लिए सुझाव दिए। इस भवन का वार्षिक कारोबार 3 करोड़ रुपये से ऊपर है। संस्था ने स्वयं अर्जित धनराशि से भवन का नवीनीकरण किया है।



जागृति
जुलाई 2016

# आयोग के अध्यक्ष द्वारा हरियाणा एवं पंजाब राज्य की खादी ग्रामोद्योगी गतिविधियों की समीक्षा







**खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने दिनांक 14 से 16 जून 2016 तक तीन दिवसीय हरियाणा एवं पंजाब राज्य का दौरा किया।**

इस अवसर पर उन्होंने राज्य कार्यालयों, विभिन्न संस्थाओं में पौधरोपण किया एवं राज्य कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विचारविमर्श किया। अध्यक्ष महोदय ने पंजाब खादी ग्रामोद्योग इंस्टिट्यूट फेडरेशन, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित पंजाब एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की खादी और ग्रामोद्योगी संस्थाओं की एक बैठक को भी संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने पंजाब क्षेत्र के 25 स्मार्ट खादी विलेज को विकसित करने की बात कही। अध्यक्ष महोदय ने चंडीगढ़ के सेक्टर 17 एवं 22 के खादी इंडिया शोरूम का दौरा किया। तदोपरान्त पंजाब की विभिन्न संस्थाओं का भी निरीक्षण किया। यहाँ खरड़ स्थित एक खादी संस्था द्वारा खादी म्यूजियम हेतु एक विरासत (हेरिटेज) चरखा भी उन्हें प्रदान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष महोदय ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया। जिसमें एक मोबाइल ऐप लांच किया गया जो क़ि पीएमइजीपी योजना के तहत उद्यमियों की सहायता और मार्गदर्शन करेगा।



# आयोग के अध्यक्ष ने राजकोट स्थित बायो-फर्टिलाइजर इकाई का दौरा किया



**खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने 20 जून 2016 को हेमु गढवी ओडिटोरियम, राजकोट में बायो फर्टिलाइजर की पीएमइजीपी इकाई "दादा ओर्गेनिकस" के वार्षिक उत्सव को संबोधित किया। वह इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे।**

यह इकाई गुजरात के राजकोट जिले में खादी और ग्रामोद्योग आयोग की पीएमइजीपी योजना के अंतर्गत 2013-14 में प्रारंभ हुई थी, एसबीआई से वित्त पोषित इस इकाई की परियोजना लागत 25 लाख रु. थी एवं आयोग से इसे 8.75 लाख रु. का मार्जिन उपदान दिया गया। इस इकाई ने वर्तमान में 17 लोगो को रोजगार प्रदान किया है एवं इसका वार्षिक टर्न ओवर 4.50 करोड से अधिक है।

इकाई प्रभारी श्री दिनेश पंडया, जो कि दिव्यांग (दृष्टिहीन) है, बताते है, कार्य करने के लिए दृष्टिकोण की आवश्यकता है, दृष्टि की नहीं। इस इकाई ने उद्योग भारती, गोंडल के साथ आर्गेनिक उत्पादों की बिक्री हेतु एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है तथा



इसके अंतर्गत प्रथम चरण में 10,000 वस्त्र तैयार किये गये है।.

इस अवसर पर राज्य कार्यालय, अहमदाबाद के निदेशक श्री संजय हेडाऊ, मेजर नितिन जोशी, स्वामीनारायण संप्रदाय तथा इकाई से जुडे लगभग 1200 लोग उपस्थित थे।

# एन.टी.पी.सी ने खादी को दिया 5.34 करोड़ रूपये का ऑर्डर

राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एन.टी.पी.सी.) भारत की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कम्पनी है जिसने अपने कर्मचारियों के लिए 23,000 स्लीवलेस जैकेट्स हेतु खादी और ग्रामोद्योग आयोग के समक्ष ऑर्डर प्रस्तुत किया है। आयोग ने कहा कि यह ऑर्डर 5.34 करोड़ रू. का होगा। आयोग ने आगे बताया कि जैकेट्स, खादी कतिया सिल्क फेब्रिक से बनाए जाएगें तथा इसमें सूती वस्त्र का अस्तर लगाया जाएगा और साथ में डिजाइनर बटन भी लगाए जाएगें।

अध्यक्ष महोदय ने बताया कि इस ऑर्डर से 20,000 अतिरिक्त कार्य घंटों का सृजन होगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने प्रथम बार सबसे बड़े विद्युत उत्पादक से इस प्रकार का ऑर्डर प्राप्त किया है। इस ऑर्डर को दो माह में पूरा किया जाएगा।

# आयोग के मुख्यालय, मुंबई में दूसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**मुंबई, 21 जून, 2016: योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास की एक ऐसी प्राचीन भारतीय विरासत है जिसका जन्म इस देश में हुआ तथा आज यह वैश्विक जागरूकता के कारण आगे बढ़ रहा है और इसी को देखते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है। दूसरे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन खादी ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में मुख्यालय मुंबई के साथ ही आयोग के अन्य राज्य और विभागीय कार्यालयों में पूरे उत्साह के साथ किया गया।**

आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा ने मुख्यालय मुंबई में बड़ी संख्या में आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योग (प्राणायाम और आसन) का




अभ्यास किया। सत्र के समाप्त होने के बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि किस प्रकार योग के माध्यम से शरीर में नई ऊर्जा का संचार किया जा सकता है और शरीर तथा मन के संतुलन को बनाए रखा जा सकता है।





खादी ग्रामोद्योग आयोग के सभी कार्यालयों में योग दिवस का आयोजन करने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए थे।

**योग दिवस के लिए विशेष खादी परिधान:**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए खादी ग्रामोद्योग ने कुछ खास तैयारी की थी। आयुष मंत्रालय की विशेष सलाह पर खादी ग्रामोद्योग आयोग ने योग दिवस को और खास बनाने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन द्वारा तैयार खादी



ड्रेस किट बाज़ार में उतरने का फैसला किया है। इस किट में पांच चीजें शामिल हैं। इन चीजों पर योगा डे लिखा हुआ है। इस किट में एक टी शर्ट, एक खास किस्म का लोअर, खादी की एक चटाई, खादी का रुमाल और खादी के सूत की तिरंगी माला शामिल है। इस किट की ख़ास बात यह है कि यह जम्मू-कश्मीर के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में तैयार किया गया है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने बताया कि इस योग किट पर 30 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जा रही है। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग किट तैयार की गई है और इनकी कीमत भी अलग-अलग है। महिलाओं के लिए खासतौर पर तैयार की गई किट 1350 रुपये की है और पुरुषों वाली किट 1500 रुपये में उपलब्ध है।

नई दिल्ली नगर निगम ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग को 1000 किट तैयार करने का आर्डर दिया है, जिसमें पुरुषों के लिए 600 और महिलाओं के लिए 400 किट की आपूर्ति करनी है।

11 जून 2016 से यह किट नई दिल्ली, मुंबई, विशाखापत्तनम, पटना, भोपाल, एर्नाकुलम, अहमदाबाद आदि की खादी इंडिया बिक्री केन्द्रों पर विक्रय हेतु उपलब्ध करायी गयी है।

इस संबंध में आयोग के अध्यक्ष श्री विनय सक्सेना ने बताया कि खादी जो कि हाथ बुना और हाथ कता वस्त्र है योग के लिए बहुत उपयुक्त एवं पहली बार खादी और ग्रामोद्योग आयोग खादी कारीगरों के लिए अतिरिक्त कार्य दिवस का सृजन कर रहा है।



**21 जून 2016, मुंबई: खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अरुण कुमार झा ने आयोग के मुख्यालय, ग्रामोदय, मुंबई में बड़ी संख्या में उपस्थित आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योग (आसन और प्राणायाम) का अभ्यास किया। इस सत्र के बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि योग से शरीर में नयी शक्ति का संचार होता है और इसके माध्यम से शरीर और मन का संतुलन बना रहता है।**

# आयोग के राज्य कार्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**नई दिल्ली में**

खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली में योग दिवस की झलकियाँ।



**राज्य कार्यालय चंडीगढ़:**

आयोग के राज्य कार्यालय, चंडीगढ़ में उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एस. पी. सिंह के निदेशन में योग दिवस आयोजित किया गया।




**विभागीय कार्यालय मेरठ:**

आयोग के विभागीय कार्यालय मेरठ में सहायक निदेशक, श्री ए. के. वर्मा के मार्गदर्शन में योग दिवस का आयोजन किया गया।



**राज्य कार्यालय अहमदाबाद:**

आयोग के राज्य कार्यालय अहमदाबाद में राज्य निदेशक, श्री संजय हेडाऊ की उपस्थिति में योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।





# खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्यालय में वर्षा जल का संग्रहण





मुंबई, 28 जून, 2016:खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के दिशानिर्देशन में वर्षा के जल के अपव्यय को रोकने के लिए वर्षा जल संग्रहण (रेन वाटर हारवेस्टिंग) की व्यवस्था की गई है, जिससे इस जल का उपयोग बागवानी और साफ-सफाई करने में किया जा सके।

आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अरुण कुमार झा और वित्त सलाहकार, सुश्री उषा सुरेश ने टैंक का नल खोल कर इस व्यवस्था का उदघाटन आयोग के मुख्यालय में किया तथा उन्होंने वर्षा जल संग्रहण व्यवस्था का अवलोकन भी किया।

वर्षा जल संग्रहण व्यवस्था के लिए आयोग मुख्यालय में दो टैंक स्थापित किए गए हैं जिसमें से एक टैंक की 40,000 लीटर जल संचय करने की क्षमता है। दूसरे टैंक को कुँए से जोड़ा गया है तथा जिसके जल का उपयोग प्रारंभ से ही बागवानी और सफाई के लिए किया जा रहा है। यह प्राकृतिक जलाशय में जल एकत्रण करने एंव संचय करने की तकनीकी है जिसमे जल कई सतहों से होकर परिष्कृत होता है।

इस तकनीक के बुनियादी स्वरूप के अंतर्गत छत के किनारों पर कनेक्टिंग पाईव लगाये जाते हैं, जिसके सहारे वर्षा का जल एकत्रित किया जाता है। इसमें, वर्षा के जल को कई चेम्बरों में एकत्रित कर इसे पाइप के माध्यम से टैंक में भंडारण किया जाता है इसके पश्चात इसे घरेलू उपयोग में लाया जाता है।

# आयोग करेगा इनोवेशन और इन्क्युबेशन केंद्रों की स्थापना

**- श्री अरुण कुमार झा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी**

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग, उपयोग में न लायी जानी वाली परिसंपत्तियों का उचित रूप में विनियोग और नवीनीकरण कर उन्हें इन्क्युबेशन केंद्रों के रूप में स्थापित कर आगे आयेगा' यह बात खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा ने 4 जून 2016 को आयोजित "इनोवेशन शिखर सम्मेलन-2016" में कही।**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा ने पूरे देश में उपयोग में न लाई जाने वाली परिसंपतियों जिनकी अनुमानित धनराशि50,000/- करोड़ रु. तक है को सही दिशा में उपयोग में लाकर प्रधान मंत्री जी की भारतीय अर्थव्यवस्था को अनेक क्षेत्रों में विकसित करने की महत्वकांक्षा को पूर्ण करने के उद्देश्य से स्टार्ट-अप्स और स्टैंड-अप्स के लिए इंक्यूबेशन केंद्र स्थापित कर उनका नवीनीकरण करने के लिए अपनी कमर कस ली है।

वाणिज्य और उद्योग के पीएचडी चैंबर के तत्वावधान में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों के नवोन्मेष क्षमता में वृद्धि करने के लिए 'इनोवेशन शिखर सम्मेलन-2016' में उपर्युक्त जानकारी देते हुए अरुण कुमार झा ने यह भी कहा है कि भारत में नीति आयोग प्रमुख पॉलिसी बनाने वाली मुख्य एक संस्थान है और एस.आई.डी.बी.आई. (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) प्रमुख वित्तीय संस्था है जो सामूहिक रूप से कार्य करती है।

श्री अरुण कुमार झा ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग इस समस्या का समाधान करने में लगी है कि कैसे उपयुक्त रूप में अर्थोपाय में विस्तार किया जा सकता है और देश के विभिन्न भागों में बेकार पड़ी सम्पति को लाभ कमाने वाले केन्द्रों में कैसे परिवर्तित किया जा सकता है। आयोग का समर्थन करने के लिए नीति आयोग और एस.आई.डी.बी.आई. ने अपनी विभिन्न योजनाओं और वित्तीय सहायता का प्रस्ताव रखा है, ताकि इस प्रकार की परिसम्पतियों को लाभ कमाने वाले केन्द्रों में परिवर्तित किया जा सके।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम वृहद रूप में उभर रहे है और उद्यमियों को आवश्यक प्रशिक्षण देने हेतु इनोवेशन और इंक्यूबेशन केंद्र एक आदर्श केंद्र साबित होंगे जिससे उनकी छिपी हुई क्षमता का विकास और पूंजी निर्माण होगा तथा देश में अतिरिक्त रोजगार का सृजन होगा।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग , अपना और अपने उत्पादों का उन्नयन करने के लिए बड़ी हस्तियों के साथ समझोते पर विचार कर रहा है। प्रधान मंत्री भी इसका

समर्थन कर रहे है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उत्पादों की बिक्री न केवल 30 प्रतिशत ऊपर चली गयी है बल्कि ब्रांड की छवि में भी बड़े पैमाने पर परिवर्तन हुए हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए सिडबी के महाप्रबंधक श्री सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि स्टार्ट अप और स्टैण्ड अप के वित्त के लिए बड़ी संख्या में वास्तविक उद्यमियों ने सिडबी से संपर्क नहीं किया है। उन्होंने विषय वस्तु पर बोलते हुए कहा कि करोड़ों रुपये के अनुदान और सहायता पूर्व में ही इन उद्यमियों हेतु बजट में निर्धारित की जा चुकी है। इस धनराशि को उच्च स्तर से आबंटित किया जाएगा।

उनके अनुसार, उद्यमियों और स्टार्ट-अप को पहले अति-सावधानी से उद्यम से संबन्धित प्राथमिक कार्य पूरे करने चाहिए और तत्पश्चात उन्हें अपने उद्यम के लिए सिडबी से संपर्क करना चाहिए यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य होगा और केवल इस प्रकार के अनुरोध को ही स्वीकार किया जाएगा।

इस शिखर सम्मेलन में उपाध्यक्ष, पीएचडी चैंबर, श्री अनिल खेतान के अतिरिक्त अध्यक्ष, इनोवेशन समिति, पीएचडी चैंबर, श्री दीपक पाहवा और वरिष्ठ सचिव श्री जतिंदर सिंह उपस्थित थे।

# स्वदेशी भावना को जागृत रखने के लिए ग्रामीण करते है केवल खादी का उपयोग

**उधगमंडलम: आजादी के 66 साल बाद भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वदेशी भावना को जागृत रखने के लिए नीलगिरी जिले के तीन गांवों में लोग आज भी केवल खादी का उपयोग करते है।**

यहां से 15 किलोमीटर दूर मेनाली और अन्य दो गावों मदाथुरै और कुन्दकपारै में आज भी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी केवल खादी का उपयोग करते है।

1905 में हुए 'भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन' के एक भाग के रूप में 'स्वदेशी आंदोलन' के दौरान राष्ट्रवादियों ने ब्रिटिश उत्पादों का बहिष्कार कर घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया था।

इस आंदोलन में भाग लेने वाले ग्रामीणों ने कभी अन्य वस्त्र का उपयोग नहीं किया और यह पिछले तीन पीढ़ियों से चल रहा है। यहाँ के स्थानीय लोग जो अन्य शहरों में काम के लिए जाते है वह अन्य परिधानों का इस्तेमाल करते है परन्तु गांव में केवल खादी ही पहनते है।

मेनाली गावं के 80 वर्षीय ग्राम प्रधान, श्री विश्वनाथन ने गर्व से कहते है कि यह ग्रामीणों का भारत के स्वतंत्रता सेनानियों विशेष रूप से महात्मा गांधी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता है और वह खुद भी पिछले 60 वर्षों से केवल खादी ही पहनते है।

यहाँ तीन गांवों में 4,500 लोग, 500 घरों में रहते हैं। घरों के पर्दे आदि भी खादी के बने होते हैं। यह ग्रामीणों की स्वदेशी की भावना को जागृत रखने और उसके प्रति प्रतिबद्धता का संकेत है।

# मण्डलीय कार्यालय, मेरठ द्वारा ग्रामीण ऊर्जा तकनीशियन बैठक आयोजित

दिनांक 14.06.2016 को आयोग के मण्डलीय कार्यालय, मेरठ में राष्ट्रीय जैव गैस एवं खाद प्रबंधन कार्यक्रम (एन.बी.एम.एम.पी.) की समीक्षा हेतु ग्रामीण ऊर्जा तकनीशियन (आरईटी) की एक बैठक का आयोजन आयोग के सह निदेशक श्री ए.के. वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मेरठ कार्यालय में कार्यरत सभी जैव प्रौद्योगिकी अनुभाग के तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में विगत वर्ष 2015-16 की प्रगति की समीक्षा की गयी तथा कार्यक्रम में हुई कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसके कारणों पर चर्चा कर क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण ऊर्जा तकनीशियनों से विचार विमर्श किया गया। ग्रामीण ऊर्जा तकनीशियनों ने उनको प्रति संयंत्र भुगतान किये जाने वाले पर्यवेक्षण शुल्क रूपये 1500/- मात्र एवं इसके दो बार में भुगतान प्रक्रिया को इसका मुख्य कारण बताया। उन्होंने बताया कि आरईटी का प्रति संयंत्र भुगतान किया जाने वाला पर्यवेक्षण शुल्क रूपये 5000/- मात्र होना चाहिए एवं इसका भुगतान भी एक बार में ही किया जाना चाहिए।



तत्पश्चात, बैठक में ग्रामीण ऊर्जा तकनीशियनों को वर्ष 2016-17 हेतु लक्ष्य आबंटन पर चर्चा की गयी तथा तकनीशियनों को बायो गैस पॉवर जनरेशन संयंत्र की स्थापना के लिए लक्ष्यांक निर्धारित किये गये।

बैठक के अंत में श्री ए.के. वर्मा, सह निदेशक द्वारा उपस्थित सभी जैव प्रौद्योगिकी अनुभाग के तकनीकी अधिकारियों से चर्चा करके ग्रामीण ऊर्जा तकनीशियनों को अवगत कराया कि उनकी समस्याओं से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा और उनका कारगर समाधान निकाला जायेगा।

# खादी संस्थाओं को एम.डी.ए. ऑन लाइन एवं डी.बी.टी की जानकारी देने हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम

आयोग के मण्डलीय कार्यालय, मेरठ द्वारा खादी संस्थाओं को एम.डी.ए. ऑन लाइन एवं डी.बी.टी. (डारेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर) के विषय में जानकारी देने हेतु दिनांक 13.06.2016 से 15.06.2016 तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आयोग के निदेशक श्री एस.पी. गुप्ता द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आयोग के सह निदेशक श्री ए. के. वर्मा एवं खादी अनुभाग में कार्यरत सभी कार्यकारी एवं सहायक भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेरठ कार्यालय के कार्यक्षेत्र के 25 जनपदों की खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पूरे उत्साह एवं गंभीरता से भाग लिया एवं एम.डी.ए. ऑन लाइन एवं डी.बी.टी. (डारेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर) के विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों को डी.बी.टी. के अतिरिक्त खादी मार्का, आम आदमी बीमा योजना, वार्षिक प्रगति रिपोर्ट आदि के विषय में भी जानकारी दी गयी एवं जागरूक रूप से इन निर्देशों का अनुपालन करने का निदेश दिया गया।

# आसाम राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रतिनिधि मण्डल का गुजरात दौरा



आसाम राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के एक प्रतिनिधि मंडल ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद का 21-24 जून 2016 तक दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य गुजरात राज्य के खादी ग्रामोद्योग के मॉडल प्रोजेक्टों का निरीक्षण एवं अध्ययन करना था। इस प्रवास के दौरान आसाम राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती कबिता देका भी उपस्थित थी।

इस अवसर पर आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद ने प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया एवं पावर प्वाइन्ट के माध्यम से गुजरात में चल रहे खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के कार्यक्रमों और पीएमइजीपी इकाईयों के संबंध में जानकारी दी । प्रतिनिधि मंडल ने खादी स्फूर्ति के अंतर्गत लींबडी में चल रहें कताई-बुनाई कार्य का गाँव में जाकर अध्ययन किया। प्रतिनिधि मण्डल ने उद्योग भारती, गोंडल का भी निरीक्षण किया तथा अहमदाबाद में हाथ कागज, साबुन, चरखा उत्पादन केन्द्रों एवं गुजरात के प्रमुख बिक्री भवनों का भी दौरा किया।

## आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरूण कुमार झा ने 11और 12 जून 2016 को जिला खादी ग्रामोद्योग संघ, गुजरात विद्यापीठ परिसर में स्थापित देतरोज खादी भवन का दौरा किया।



आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रचनात्मक समिति संस्था, राजकोट के कत्तिनों और बुनकरों के साथ बातचीत करते हुए।





जिला खादी ग्रामोद्योग संघ के गुजरात विद्यापीठ परिसर में स्थापित देतरोज खादी भवन का दौरा

अहमदाबाद स्थित एपल्स, पीएमईजीपी इकाई का दौरा





खादी ग्रामोद्योग संस्था, धधुनका





पीएमईजीपी इकाई, खाखरा

आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद



# खादी और ग्रामोद्योग आयोग की 634वीं बैठक

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग की 634वीं बैठक दिनांक 30 जून, 2016 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुख्यालय मुंबई में आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के आंचलिक सदस्य (मध्य अंचल) श्री जय प्रकाश तोमर; आंचलिक सदस्य (दक्षिण अंचल) श्री जी. चन्द्रमौली; आंचलिक सदस्य (पूर्वी अंचल) डॉ. संगीता कुमारी; आंचलिक सदस्य (पूर्वोत्तर अंचल) श्री नारायण चंद्र बोरकाटकी; विशेषज्ञ सदस्य (अनुसंधान व विकास) श्री अशोक भगत; मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा; वित्तीय सलाहकार श्रीमती ऊषा सुरेश; मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मोहित जैन; उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक श्री एस. कल्याण राम; आर्थिक सलाहकार (सू.ल.म.उ.मंत्रालय) श्री बी. एन. नन्दा उप सचिव, सू.ल.म.उ.मंत्रालय श्री समर नन्दा; आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, क्रमशः श्री के.एस.राव, श्री वाई.के.बारामतीकर, श्री एस.के.सिन्हा, श्री सत्य नारायण आदि सदस्य उपस्थिति थे।**

**बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर संचिप्त चर्चा की गयी:**

1) पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली, ग्राम फरह, जिला- मथुरा, उत्तर प्रदेश में विभिन्न खादी और ग्रामोद्योगी ट्रेड्स तथा ग्रामीण तेल निष्कासन पर प्रशिक्षण।

2) खादी मॉडल ग्राम/खादी स्मार्ट ग्राम की स्थापना के लिए मुख्यतः नाबार्ड के साथ 100 प्रतिशत कन्वर्जेंस कार्यक्रम।

3) खादी प्लाजा के निर्माण के संबंध में विपणन निदेशालय का प्रस्ताव, ''बल्क रिटेल लिंक्ड गिफ्ट वाउचर योजना'' आरंभ करने के संबंध में अनुमोदन प्रदान करने हेतु विपणन निदेशालय का प्रस्ताव तथा मैसर्स पेटीएम के ई-कॉमर्स पोर्टल पर खादी ग्रामोद्योगी उत्पादों को उपलब्ध कराने के लिए विपणन निदेशालय की पहल ।

4) आयोग ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग में कार्यरत कर्मचारियों के समकक्ष ही आयोग के पेंशनरों को अंत:रोगी मेडिकल सुविधाएं प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के माध्यम से) प्रस्ताव भेजने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की और सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया। आयोग ने निदेशक एवं उप निदेशक के पदों हेतु विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक दिनांक 31.05.2016 की अनुशंसाओं से संबंधित प्रशासन निदेशालय के प्रस्ताव पर विचार किया और अनुमोदन प्रदान किया।

5) खादी संस्थाओं द्वारा आयकर में छूट हेतु जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्र को प्रक्रियागत करने संबंधी देय शुल्क तथा खादी संस्थाओं के लेखों की लेखापरीक्षा संचालित करने के लिए प्रभारित लेखा परीक्षा शुल्क के संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकोष्ठ का दिनांक 20.06.2016 का प्रस्ताव।

6) आयोग ने खादी और ग्रामोद्योगी संस्थाओं की भूमि के आर्थिक उपयोग के मामले पर समुचित नीति निर्धारण के लिए उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (खादी) के प्रस्ताव पर चर्चा की और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अधीन एक 'उच्च स्तरीय समिति' के गठन हेतु सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया।

7) आयोग ने वित्त निदेशालय के प्रस्ताव पर विचार किया तथा भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा आरंभ सामूहिक उपदान संचयन योजना व अवकाश नगदीकरण योजना को आयोग के सभी नियमित व ट्रेडिंग संवर्ग के कर्मचारियों हेतु अपनाने के संबंध में सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रस्तुत सामूहिक उपदान संचयन योजना व अवकाश नगदीकरण योजना को अपनाने हेतु वित्त निदेशालय का प्रस्ताव।

8) प्रोत्साहन अनुदान के अंतर्गत, वर्ष 2016-17 की कार्य- योजना के संबंध में हाथ कागज एवं रेशा उद्योग निदेशालय का प्रस्ताव।

9) क्षमता निर्माण निदेशालय का प्रस्ताव (1) आईटीएफ शिक्षा सेवा, सिंगापुर के सहयोग से दिल्ली व वाराणसी में कौशल केंद्र की स्थापना करना (2) ''तत्काल स्थिति विश्लेषण'' हेतु कौशल केंद्र को विकसित करना ।

10) एनबीएमएमपी कार्यक्रम को एमएनआरई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 हेतु आवंटित लक्ष्यांकों के अनुसार कार्यान्वित करने हेतु जैव प्रौद्योगिकी निदेशालय का प्रस्ताव।

11) आयोग ने पीएमईजीपी की ऑन-लाइन प्रणाली के प्रचालन हेतु कॉर्पोरेशन बैंक के साथ हस्ताक्षरित किए जाने वाले समझौता ज्ञापन को अनुमोदित करने संबंधी पीएमईजीपी निदेशालय के प्रस्ताव पर विचार किया।

